# राष्ट्रीय सेवा भारती

www.rashtriyasewabharati.org | विक्रम संवत - 2082, फाल्गुन, शुक्ल पक्ष | ई बुलेटिन मासिक: फरवरी - 2026





## राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वास्थ्य सेवा का व्यापक अभियान

राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन अवसर पर सेवा भारती, दक्षिण बिहार प्रान्त द्वारा सेवा बस्तियों में स्वास्थ्य सेवा का एक व्यापक अभियान संचालित किया गया। समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्ग तक चिकित्सा सुविधा पहुँचाने के उद्देश्य से 357 निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर आयोजित किए गए।



इन शिविरों में 418 चिकित्सकों ने सेवाभाव से अपना समय समर्पित किया। उनके साथ 1214 मेडिकल विद्यार्थियों तथा 1322 स्थानीय कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

इस समन्वित प्रयास के माध्यम से कुल 24,982 नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।



यह अभियान केवल उपचार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता, युवा सहभागिता और सेवा संस्कार को भी सशक्त करने का माध्यम बना। राष्ट्रीय युवा दिवस पर सेवा भारती की यह पहल बताती है कि संगठित युवा शक्ति जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचती है, तो परिवर्तन की दिशा स्वयं निर्मित हो जाती है।

| | |
|---|---|
| 19520 | शिक्षा |
| 9560 | स्वास्थ्य |
| 9392 | सामाजिक |
| 5649 | स्वावलम्बन |

### सेवा कार्यवृत्त

"नर सेवा नारायण सेवा का मूल ध्येय लेकर समाज में वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित एवं पीड़ित लोगों के सर्वांगीण विकास हेतु राष्ट्रीय सेवा भारती सतत कार्यरत है। यह नगरीय - झुग्गी झोपड़ी एवं पुनर्वास बस्तियों में समाज कल्याण कार्यक्रम जैसे नि:शुल्क चिकित्सा, नि:शुल्क शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भी कार्यरत है। देशभर में राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा 44121 सेवा कार्य चलाए जा रहे हैं।"

# देशभर में हुए सेवा कार्य



प्रान्त: केरल

सेवा भारती केरल द्वारा एनडीआरएफ के सहयोग से त्रिशूर के सरस्वती विद्यानिकेतन में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। निरीक्षक एस. पी. सिंह के नेतृत्व में टीम ने 50 सेवा कार्यकर्ताओं को सीपीआर, बचाव तकनीक एवं आपदा उपकरणों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।
प्रशिक्षण ने कार्यकर्ताओं को आपात स्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया हेतु सक्षम बनाया। समापन पर एनडीआरएफ टीम का सम्मान किया गया। सामुदायिक सुरक्षा की दिशा में यह पहल प्रेरक एवं अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई।



प्रान्त: विदर्भ

सेवा सदन स्कूल, नागपुर में 16 किशोरी विकास केंद्रों की बालिकाओं का वार्षिक स्नेह मिलन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत माता पूजन से हुआ। कार्यक्रम में संस्कार, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, किशोरावस्था में शारीरिक–मानसिक परिवर्तन तथा संतुलित आहार जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। बालिकाओं ने सूर्य नमस्कार, कराटे, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, जल-संरक्षण, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक जागरूकता पर आधारित नाट्य, नृत्य एवं गीत प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रभावी प्रदर्शन किया। 'पंचसूत्री' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न आयामों के प्रमुख कार्यकर्ताओं, सेवाभावी अभिभावकों और अतिथियों की प्रेरक उपस्थिति रही।



प्रान्त: जम्मू कश्मीर

जम्मू-कश्मीर, नागरोटा में सात दिवसीय आवासीय स्वाध्याय शिविर आयोजित किया गया। बानी, कटरा, चंडीगढ़, पौनीचक (जम्मू) एवं राजौरी के सेवा भारती छात्रावासों से आए 104 विद्यार्थियों ने लगभग 40 कार्यकर्ताओं के सहयोग से सहभागिता की। शिविर का उद्देश्य शैक्षणिक सुदृढ़ता, अनुशासित जीवन, शारीरिक क्षमता, संस्कार शिक्षा एवं राष्ट्रबोध का विकास था।

उद्घाटन अवसर पर अखिल भारतीय छात्रावास प्रमुख श्री जयदेव दादा जी एवं प्रांत प्रचारक श्री मुकेश कुमार जी ने विद्यार्थियों को स्वाध्याय, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का संदेश दिया। विभिन्न प्रशासनिक एवं जनप्रतिनिधि अतिथियों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। शिविर में दैनिक व्यायाम, अध्ययन सत्र, सेवा-भाव संवाद, प्रेरक फिल्म प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा शैक्षणिक भ्रमण जैसे विविध आयाम शामिल रहे। संस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास विशेष रूप से सराहा गया।

# देशभर में हुए सेवा कार्य



**प्रान्त: उत्तराखंड**

संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सेवा भारती उत्तराखंड (जिला हल्द्वानी) द्वारा 10 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित - इन शिविरों में कुल 1122 मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श का लाभ मिला। इस सेवा कार्य में 39 चिकित्सक, 27 मेडिकल छात्र, 23 पैरामेडिकल कर्मी, 174 कार्यकर्ता एवं 37 अतिथियों की सहभागिता रही।



**प्रान्त: मालवा**

सेवा भारती के चिकित्सा प्रकल्प, एम.वाय. अस्पताल इंदौर में एक्रोपोलिस कॉलेज के लगभग 130 विद्यार्थियों ने प्रकल्प दर्शन किया। विद्यार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार सेवा भारती के कार्यकर्ता बड़े अस्पताल की जटिल प्रक्रियाओं से अनभिज्ञ जरूरतमंद रोगियों को सही मार्गदर्शन देकर समय पर उपचार तक पहुँचाते हैं। दर्शन के अंतर्गत सहारा वार्ड, ओपीडी, कृत्रिम अंग विभाग, ब्लड बैंक, मेडिसिन एवं सर्जिकल विभाग का अवलोकन कराया गया। विशेष उल्लेखनीय यह रहा कि 11 विद्यार्थियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सेवा भाव को व्यवहार में उतारा। यह प्रकल्प युवाओं में संवेदना, समर्पण और सक्रिय सेवा संस्कारों का सशक्त संचार कर रहा है।




**प्रान्त: ब्रज**

आगरा संभाग के 19 जिलों के अध्यक्ष, मंत्री एवं कोषाध्यक्षों का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित हुआ। वर्ग में आगामी कार्ययोजना पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। राष्ट्रीय सेवा भारती के मंत्री रामकुमार जी सहित प्रांत एवं संभाग के प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित इस वर्ग में 52 कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। यह प्रशिक्षण संगठनात्मक सुदृढ़ता एवं सेवा कार्यों के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।



**प्रान्त: मध्यभारत**

रायसेन नगर, नयापुरा में आयोजित किशोरी व्यक्तित्व विकास शिविर में लगभग 100 किशोरियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर में आत्मविश्वास, संस्कार और आत्मरक्षा जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। विशेष रूप से बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति ने इस आयोजन को परिवार और समाज के संयुक्त संकल्प का रूप दे दिया। यह शिविर नारी सशक्तीकरण की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध हुआ।

# देशभर में हुए सेवा कार्य




**प्रान्त: चित्तौड़**

उदयपुर में आयुर्वेद विभाग एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 10 दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 19,338 रोगियों को आयुर्वेदिक उपचार का लाभ मिला, जिनमें 102 भर्ती रोगियों की क्षारसूत्र सहित विशेष शल्य चिकित्सा की गई। अर्श, भगंदर व अन्य गुदा रोगों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई। पंचकर्म विभाग में 922 रोगियों का उपचार तथा 3,550 बच्चों को स्वर्ण प्राशन दिया गया। रोगियों को औषधि किट व पथ्य-अपथ्य मार्गदर्शन के साथ शिविर का समापन हुआ। यह शिविर आयुर्वेद आधारित समग्र स्वास्थ्य सेवा का प्रभावी उदाहरण बना।



**प्रान्त: झारखंड**

रांची, एदलहातू बस्ती में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किए गए। ठंड से राहत हेतु सेवा भारती निरंतर ग्रामीण एवं शहरी सेवा बस्तियों के वृद्ध और असहाय जनों तक सहयोग पहुँचा रही है।



**प्रान्त: दिल्ली**

केशव पुरम, दिल्ली में थैलेसीमिया स्क्रीनिंग ड्राइव एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेवा भारती डायग्नोस्टिक एवं डायलिसिस सेंटर द्वारा 26 लाभार्थियों की निःशुल्क थैलेसीमिया जांच की गई। निःशुल्क जांच एवं रक्तदान के माध्यम से यह अभियान स्वास्थ्य जागरूकता और मानव सेवा के संकल्प को सशक्त करता है।



**प्रान्त: मध्यभारत**

भोपाल महानगर में युवा अभ्युदय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उद्देश्य था - युवाओं में सेवा-भाव, राष्ट्रबोध और नेतृत्व क्षमता का जागरण। कार्यक्रम में प्रांतीय संगठन मंत्री श्री सुरेन्द्र सिंह सोलंकी जी ने युवाओं को सेवा, संस्कार और समर्पण के पथ पर अग्रसर होकर समाज परिवर्तन का आह्वान किया। युवा आयाम प्रांत संयोजक श्री संकल्प दीक्षित जी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सेवा संकल्प समिति की नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। बड़ी संख्या में युवाओं की सक्रिय सहभागिता ने इस आयोजन को ऊर्जावान और प्रेरक बना दिया।

# देशभर में हुए सेवा कार्य



प्रान्त: जम्मू कश्मीर

जम्मू–कश्मीर में दिशा छात्रावास में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कैरम, चेस एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ सहभागिता की। विजेताओं को सम्मानित किया गया।



प्रान्त: केरल

पैलिएटिव केयर दिवस पर तिरुवनंतपुरम जिले की 13 सेवा भारती इकाइयों को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। जिला कलेक्टर श्रीमती अनु कुमारी, आईएएस ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वी. प्रियदर्शिनी की उपस्थिति में प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किए। यह सम्मान करुणा और समर्पण से की जा रही सेवा का प्रेरक प्रमाण है।





प्रान्त: मेरठ

मेरठ प्रांत के अमरोहा जिले में स्वावलंबन आयाम के अंतर्गत "श्री गुरु जी मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर" का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर प्रांत प्रचार प्रमुख आलोक अग्रवाल जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संचालक एवं जिला सह कारवाह की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।



प्रान्त: उत्तराखंड

सेवा भारती उत्तराखंड द्वारा देहरादून महानगर की जाटव एवं बद्रीपुर बस्तियों में वैभवश्री प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से मातृशक्ति को सशक्त बनाया जा रहा है। इन केंद्रों पर ग्रामीण एवं बस्ती क्षेत्रों की बहनों को उपयोगी वस्तुएँ बनाने का प्रशिक्षण देकर उनके कौशल का विकास किया जा रहा है। इस पहल से महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं।



# देशभर में हुए सेवा कार्य



**प्रान्त: दक्षिण बंग**

दक्षिण बंग प्रांत में बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए सेवा भारती पश्चिम बंग द्वारा एक विशेष शीतकालीन राहत अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न जिलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले जरूरतमंद बच्चों को कंबल वितरित किए जा रहे हैं। सेवा भारती का यह प्रयास ठंड से बचाव के साथ-साथ मानवीय संवेदना और सेवा भाव को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समाज के सहयोग से यह अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा है।



**प्रान्त: अवध**

अवध प्रांत के सीतापुर जिले के सेवा ग्राम में सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। यह केंद्र महिलाओं और युवतियों को स्वरोजगार हेतु आवश्यक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जिससे वे आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को सिलाई, कढ़ाई और वस्त्र निर्माण से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी।



**प्रान्त: दिल्ली**

कालकाजी, दिल्ली (दक्षिणी विभाग) के किशोरी विकास केंद्र पर बालिकाओं को आत्मरक्षा का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस पहल का उद्देश्य किशोरियों में आत्मविश्वास, सजगता और मानसिक-शारीरिक सशक्तता का विकास करना है। सेवा भारती निरंतर बेटियों के सुरक्षित, सक्षम और स्वावलंबी भविष्य के निर्माण हेतु प्रतिबद्ध है।




**प्रान्त: महाकौशल**

सेवा भारती महाकौशल प्रांत द्वारा जबलपुर शहर में "रोगी सहायता उपकरण केन्द्र" का शुभारंभ किया गया। इस केन्द्र का उद्देश्य अस्पतालों में उपचार हेतु रोगियों और उनके परिजनों को आवश्यक सामग्री, मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराना है।





# सेवा भारती बालिका छात्रावास, उज्जैन – संघर्ष से सफलता की उड़ान

2001 में मात्र 36 बालिकाओं से प्रारंभ हुआ सेवा भारती बालिका छात्रावास, उज्जैन आज 240 से अधिक बेटियों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर जीवन की राह दिखा चुका है। अनाथ, एकल अभिभावक और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बालिकाओं को यहाँ निःशुल्क आवास, शिक्षा और संस्कार प्रदान किए जाते हैं।

इसी छात्रावास से पढ़ी संगीता मुजाल्दे, जिसने बचपन में खेतों में मजदूरी की, आज नर्स बनकर अपने परिवार का सहारा है। मनीषा बामनिया पोस्ट मास्टर बनीं, रीना मुजाल्दे असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, और अनेक बेटियाँ शिक्षक, इंजीनियर, जीएनएम, एएनएम, पटवारी व विभिन्न सरकारी पदों पर कार्यरत हैं।





यह छात्रावास केवल शिक्षा नहीं देता, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और सेवा भाव का संस्कार भी देता है। खेल, कंप्यूटर, कौशल प्रशिक्षण और समाज-संवाद के माध्यम से यहाँ की बेटियाँ आत्मनिर्भर और संवेदनशील नागरिक बनती हैं।

यह केवल एक भवन नहीं - संघर्ष की धरती पर खिले उन सपनों की पाठशाला है, जहाँ हर बेटी अपने अस्तित्व को पत्थरों को चीरकर भी स्थापित करना सीखती है।

RUN for a GIRL CHILD™
10th Edition

Seva Bharathi
Kindling Hope & Happiness Around

## SUBHASH REDDY

Discount Code: **SUBHASH**

*Use my coupon to avail a discount while it lasts.

## SUN 01st MAR, 2026

Gachibowli Stadium, Hyderabad

21K 10K 5K

REGISTER NOW

Freedom
Refined Sunflower Oil

GlobalData

PALTECH

# JOIN ME

## "I AM RUNNING TO EMPOWER A GIRL CHILD"




राष्ट्रीय सेवा भारती के सोशल मीडिया से जुड़ने के लिए QR कोड स्कैन करें

राष्ट्रीय सेवा भारती
जागरण सहयोग प्रशिक्षण अध्ययन

**राष्ट्रीय सेवा भारती**


वेबसाइट :www.rashtriyasewabharati.org
ईमेल : office@rashtriyasewabharati.org
फोन न. : 011-46523618, मोबाइल न.: 09868245005